भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3609

दिनांक 03.04.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

नल जल कनेक्शन प्राप्त परिवार

3609. श्री नीरज डांगी:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पानी की कमी से जूझ रहे जिलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा पहचान किए गए ऐसे जिलों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने प्रत्येक परिवार को नल जल कनेक्शन प्रदान करने की दिशा में अपने लक्ष्यों को पूरा कर लिया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) देश भर में जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए परिवारों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): केन्द्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से समय-समय पर देश के गतिशील भूमि जल संसाधनों का आकलन किया जा रहा है। 2020 के आकलन के अनुसार, देश में कुल 6,965 आकलन इकाइयों (ब्लॉक/तालुक/मंडल/वाटरशेड/फिरका) में से 15 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 1114 इकाइयों को 'अतिदोहित' के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जहां वार्षिक भूजल निष्कर्षण वार्षिक निकालने योग्य भूजल संसाधन से अधिक है। संपूर्ण देश के लिए अतिदोहित आकलन इकाइयों (राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सहित) के ब्यौरे सहित संपूर्ण भूजल संसाधन सूचना सार्वजनिक डोमेन में है और इसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है: http://cgwb.gov.in/documents/2021-08-02-GWRA_India_2020.pdf।

(ग) से (ङ): भारत सरकार, अगस्त 2019 से राज्यों के साथ भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए नल जल कनेक्शन के माध्यम से सुनिश्चित पेयजल की व्यवस्था की जा सके।

अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। 29.03.2023 तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, जेजेएम के तहत, अब तक पिछले साढ़े तीन वर्षों में 8.36 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 29.03.2023 तक, देश के 19.43 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 11.59 करोड़ (59%) परिवारों को उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

दिनांक 03.04.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3609 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

(29.03.2023 तक)

(संख्या लाख में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आज की तारीख तक कुल ग्रामीण परिवार	15.8.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार		ग्रामीण परिवारों को दिए गए नल जल कनेक्शन						नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार	
			संख्या	% में	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	कुल	% में	संख्या	% में
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.62	0.29	43.92	-	0.33	-	-	0.33	53.98	0.62	100.00
2.	आंध्र प्रदेश	95.55	30.74	32.14	1.19	12.77	9.59	12.10	35.65	37.31	66.40	69.49
3.	अरुणाचल प्रदेश	2.30	0.23	10.46	0.13	0.65	0.42	0.29	1.49	64.84	1.72	74.74
4.	असम	67.56	1.11	1.76	0.49	5.07	16.52	8.44	30.53	45.18	31.64	46.83
5.	बिहार	1,66.30	3.16	1.72	28.97	103.46	19.86	3.63	1,55.91	93.76	1,59.08	95.66
6.	छतीसगढ़	50.08	3.20	7.03	0.96	1.51	4.45	10.72	17.64	35.21	20.83	41.60
7.	दादरा नगर हवेली एवं दमण व दीव	0.85	0.00	0.00	-	0.25	0.61	-	0.85	100.00	0.85	100.00
8.	गोवा	2.63	1.99	75.70	0.31	0.33	-	-	0.64	24.30	2.63	100.00
9.	गुजरात	91.18	65.16	70.04	1.06	10.95	8.99	5.03	26.02	28.54	91.18	100.00
10.	हरियाणा	30.41	17.66	61.04	1.35	7.91	3.49	-	12.75	41.92	30.41	100.00
11.	हिमाचल प्रदेश	17.09	7.63	44.76	1.59	3.79	2.87	0.91	9.15	53.53	16.77	98.16
12.	जम्मू एंव कश्मीर	18.68	5.75	31.67	2.07	2.16	0.58	0.31	5.11	27.39	10.87	58.20
13.	झारखंड	61.19	3.45	6.38	0.95	3.00	4.19	8.69	16.82	27.49	20.27	33.13
14.	कर्नाटक	1,01.17	24.51	27.35	0.21	3.43	18.70	20.33	42.68	42.19	67.19	66.42
15.	केरल	70.72	16.64	24.78	0.85	4.04	6.64	5.23	16.77	23.71	33.41	47.24
16.	लद्दाख	0.43	0.01	3.21	0.01	0.02	0.09	0.18	0.29	68.50	0.31	71.82

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आज की तारीख तक कुल ग्रामीण परिवार	15.8.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार		ग्रामीण परिवारों को दिए गए नल जल कनेक्शन						नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार	
			संख्या	% में	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	कुल	% में	संख्या	% में
17.	लक्षद्वीप	0.13	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
18.	मध्य प्रदेश	1,19.88	13.53	11.16	4.19	19.87	10.89	8.98	43.93	36.64	57.46	47.93
19.	महाराष्ट्र	1,46.73	48.44	34.03	5.45	37.09	10.66	7.68	60.87	41.48	1,09.31	74.49
20.	मणिपुर	4.52	0.26	5.73	0.04	1.96	0.70	0.48	3.19	70.59	3.45	76.33
21.	मेघालय	6.51	0.05	0.77	0.02	0.87	1.34	0.74	2.97	45.62	3.02	46.32
22.	मिजोरम	1.33	0.09	7.24	0.16	0.34	0.21	0.29	1.00	74.91	1.09	81.82
23.	नागालैंड	3.70	0.14	3.60	0.02	0.48	0.92	0.83	2.25	60.74	2.38	64.49
24.	ओडिशा	88.57	3.11	3.74	4.37	15.47	17.47	12.06	49.38	55.75	52.49	59.26
25.	पुदुचेरी	1.15	0.94	81.31	0.06	0.08	0.07	0.00	0.21	18.67	1.15	100.00
26.	पंजाब	34.26	16.79	47.86	0.76	8.18	8.40	0.13	17.47	51.00	34.26	100.00
27.	राजस्थान	1,07.82	11.74	11.59	1.02	6.81	5.38	13.47	26.69	24.75	38.43	35.64
28.	सिक्किम	1.32	0.70	67.00	-	0.10	0.08	0.19	0.37	27.98	1.07	81.32
29.	तमिलनाडु	1,25.52	21.76	17.15	0.17	16.13	14.90	26.25	57.45	45.77	79.21	63.10
30.	तेलंगाना	53.98	15.68	28.84	20.18	18.20	-0.19	0.11	38.30	70.95	53.98	100.00
31.	त्रिपुरा	7.42	0.25	3.06	0.46	1.42	1.65	0.75	4.28	57.64	4.52	60.95
32.	उत्तर प्रदेश	2,65.31	5.16	1.96	4.66	19.16	5.81	59.05	88.68	33.42	93.84	35.37
33.	उत्तराखंड	14.94	1.30	8.91	0.87	4.32	2.75	2.14	10.08	67.43	11.38	76.15
34.	पश्चिम बंगाल	1,83.35	2.15	1.31	0.05	12.48	23.31	20.42	56.25	30.68	58.40	31.85
	कुल	**19,43.22**	**3,23.62**	**16.66**	**82.62**	**3,22.62**	**2,01.34**	**229.42**	**8,35.99**	**43.02**	**11,59.62**	**59.68**

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस एचएच: परिवार